आदेश की क्रम सं० एवं तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू (राँची)।

U/S 15 OF THE BIHAR TENANT'S HOLDINGS (MAINTENANCE OF RECORDS) ACT, 1973

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या—88 / 2018—19

1. श्रीमती सप्तमी देवी, पति—श्री राजकिशोर महतो,
   सा०—बुण्डू थाना टोली, पो०+थाना—बुण्डू, जिला—राँची।............अपीलार्थी।

बनाम

1. झारखण्ड सरकार अंचल बुण्डू, थाना—बुण्डू, जिला—राँची।
2. जादु महतो, पिता—स्व० अनछ महतो,
   सा०—बुण्डू थाना टोली, पो०+थाना—बुण्डू, जिला—राँची।..................विपक्षी।

आदेश

14.10.2020

प्रस्तुत वाद में अपीलार्थी ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०—67 R27/2016-17 में दिनांक—08.09.2016 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्नलिखित भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।

भूमि विवरणी

मौजा	थाना	थाना सं०	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा
बुण्डू	बुण्डू	0028	01	1979	15 डिसमील

भूमि का चौहदी क्यारी—1 रकवा—06 डी०ः—उ०—गंगामनी देवी, द०—रायमनी देवी उर्फ गणपति देवी, पू०—प्रस्तावित रास्ता, प०—विजय कुम्हार वगैरह।

भूमि का चौहदी क्यारी—2 रकवा—4.4 डी०ः—उ०—गणपति देवी उर्फ रायमनी देवी, द०—गंगामनी देवी, पू०—नाला, प०—प्रस्तावित रास्ता।

भूमि का चौहदी क्यारी—3 रकवा—4.6 डी०ः—उ०—प्रस्तावित रास्ता, द०—सहायक सड़क पू०—नाला, प०—गणपति देवी उर्फ रायमनी देवी।

अपीलार्थी की ओर से दायर अपील आवेदन पर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी द्वारा इस वाद में समर्पित निम्न न्यायालय के नामांतरण मुकदमा सं०—67 R27/2016-17 का अस्वीकृति की सूचना की प्रमाणित प्रतिलिपि का अवलोकन किया गया। जिसमें राजस्व कर्मचारी के मंतव्यानुसार खेशरा का विवरण उपलब्ध नहीं है। अतएव इसी आधार पर अंचल अधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण वाद अस्वीकृत की गयी है।

अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुनने तथा उनके द्वारा दाखिल किए गए दस्तावेजों के अवलोकनोपरांत अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत किया जाता है एवं अंचलाधिकारी, बुण्डू द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें इस निदेश के साथ प्रतिप्रेषित (REMAND) किया जाता है कि अपीलार्थी को पुनः सुनकर उनके द्वारा समर्पित दस्तावेजों की जाँच—पड़ताल करते हुए नए सिरे से विधि सम्मत आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

Digitally signed by Ajay Kumar Saw
Date: 2021.08.23 13:20:32 +05:30
Location: 10.93.79.7

निम्न न्यायालय को इस आदेश की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करें।

लेखापित एवं संशोधित।

ह० 14/10 — ह० 14/10

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू(राँची)। — **भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू(राँची)।**

1130(iii)/27 31.12.2020